तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 मानवाधिकार दिवस पर हुई कार्यशाला और छात्र-छात्राओं को किया ...



12 शिक्षामंत्री ने तांदुला संभागीय कार्यालय...



## खबर संक्षेप

### दो हजार से अधिक बिजली बिल बकाया, तो कटेगा कनेक्शन

**बेमेतरा।** शहर वितरण केंद्र के अफसरों ने कहा कि जिन दुकानदारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बिजली बिल में 2000 रुपए से अधिक बकाया है, उनके कनेक्शन 11 दिसंबर से काटे जाएंगे। सहायक अभियंता गुलाब साहू ने बताया कि विभाग द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद कई व्यापारी लंबे समय से बकाया राशि जमा नहीं कर रहे हैं। उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### ऑनलाइन सट्टे का फरार आरोपी पुलिस की गिरफ्त में, भेजा जेल

**भिलाई।** ऑनलाइन सट्टा के अवैध कारोबार में शामिल फरार एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी शंकर नगर दुर्ग निवासी पवन तम्बूले को घेराबंदी कर पकड़ा गया है। इसके पूर्व इसके साथी टीकम बंजारे को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। टीकम का मोबाइल चेक करने पर ही पवन के बारे में पुलिस को सुराग मिला था। उसके बाद से ही पवन फरार चल रहा था। टीकम व पवन दोनों मिलकर क्रिकेट सट्टे का काम करते थे। पवन ने ही आईडी पासवर्ड बनाकर पैसा कमाने की जानकारी टिकम को दी थी। टीकम को इंडिया वर्सेस साउथ अफ्रीका के मैच में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा में आईडी पासवर्ड बनाकर पैसे का दांव लगाते समय पुलिस ने पकड़ा था। उसके बाद से ही पवन फरार चल रहा था।

### प्रेमिका की हत्या आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने हत्या के बाद शव को जला देने के मामले का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने जांच में पाया कि मामला प्रेम प्रसंग का है। कैटरिंग में काम करने वाली महिला से पहले शादीशुदा युवक ने प्रेम संबंध कायम कर संबंध बनाए। इसके बाद जब महिला शादी के लिए लगातार दबाव बनाने लगी तो परेशान होकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद पहचान छिपाने के लिए शव को जला दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि ग्राम पुरई के कोटवार केवलदास मानिकपुरी ने पुलिस को जानकारी दी थी कि करगाडीह पाउवारा नहर के पास खेल मैदान में एक महिला का जला हुआ शव पड़ा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को शिनाख्त करने के लिए 6 टीमें बनाई गईं थीं। पुलिस ने पहले लापता महिला की जानकारी और सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। जांच में पता चला कि 9 दिसंबर को गौतम नगर सुपेला निवासी उर्मिला निषाद के लापता होने की शिकायत दर्ज हुई है। पुलिस ने महिला के साथ काम करने वाले विजय बांधे से पूछताछ की।

# मेडिकल दुकानों में बड़ा खेल, लाइसेंस किराए पर, फार्मासिस्ट नदारद, प्रशासन के पास डेटा तक नहीं

## लापरवाही की हद फार्मासिस्ट के बिना चल रहीं सैकड़ों दवा दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में संचालित हजारों मेडिकल दुकानों को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को यह बुनियादी जानकारी तक नहीं है कि जिले में चल रही मेडिकल दुकानों में वास्तव में फार्मासिस्ट मौजूद भी हैं या नहीं। दुकानों का संचालन संचालक स्वयं कर रहा है, नियुक्त फार्मासिस्ट कर रहा है या फिर किराए पर लिए गए फार्मासिस्ट के लाइसेंस पर दुकान चल रही है—विभाग के पास इसका कोई ठोस रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर फार्मासिस्ट के लाइसेंस मात्र 7–7 हजार रुपये महीने पर किराए पर लेकर मेडिकल दुकानें चलाई जा रही हैं। दवाओं की सही जानकारी और विशेषज्ञता के अभाव में इस तरह का संचालन लोगों की सेहत को सीधा खतरा बना हुआ है। शासन के नियम का गलत फायदा उठाया जा रहा । नियम के अनुसार मेडिकल दुकान का मालिक स्वयं लाइसेंसधारी होना अनिवार्य नहीं है। वह किसी पंजीकृत फार्मासिस्ट को नियुक्त कर दुकान चला सकता है, बशर्ते वह फार्मासिस्ट दुकान के खुलने से बंद होने तक स्वयं उपस्थित रहे। लेकिन वास्तविकता इसके बिल्कुल उलट है—

संचालकों ने पंजीकृत फार्मासिस्टों के नाम पर लाइसेंस तो ले लिया, पर दुकान संभालने के लिए 5 से 7 हजार रुपए में सस्ते कर्मचारी रख दिए हैं। असली फार्मासिस्ट पूरे महीने दुकान के आसपास भी नहीं दिखते। सबसे गंभीर ▶▶| शेष पेज 13 पर

### सात हजार में सिर्फ लाइसेंस 15 हजार में फार्मासिस्ट

बी-फार्मा या एम फार्मा की पढ़ाई के बाद संबंधितों द्वारा फार्मेसी कौंसिल ऑफ इंडिया में रजिस्ट्रेशन कराया जाता है। इसके बाद मेडिकल दुकान खोलने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग से लाईसेंस लिया जाता है। रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट अगर स्वयं मेडिकल दुकान न चलाकर किराए पर देने की स्थिति में वर्तमान में सात हजार रूपए मासिक किराया तय है। फार्मासिस्ट अगर लाइसेंस के साथ मेडिकल दुकान पर नौकरी भी करना चाहे तो उसे 13 से 17 हजार रूपए तक वेतन दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में फार्मासिस्टों के लाइसेंस किराए पर लेकर मेडिकल दुकान चलाने का कारोबार जोरों पर है। जांच का सघन अभियान चलाया गया तो ऐसे मेडिकल दुकानों की संख्या सैकड़ों में निकल आएगी।



### फार्मासिस्ट छुट्टी पर, तो दवा कौन देगा

मान लिया जाए कि किसी मेडिकल दुकान संचालक द्वारा शासन के नियमों के अनुसार रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट का लाईसेंस इस्तेमाल किया जा रहा है. साथ ही उसे नौकरी पर भी रखा गया है. जो पूरे दिन दुकान पर ग्राहकों को दवा उपलब्ध करा रहा है। फार्मासिस्ट के लंबी छुट्टी पर या दुकान में फार्मासिस्ट की नियुक्ति ही नहीं होने की स्थिति में उस मेडिकल दुकान में दवा का लेनदेन कौन करेगा, क्या फार्मासिस्ट के वापस काम पर लौटते तक मेडिकल दुकान बंद रखी जाएगी, क्योंकि फार्मासिस्ट के अलावा तो उस दुकान पर किसी को भी दवा का लेनदेन करने का अधिकार ही नहीं है। खुद संचालक को भी नहीं। इसके विपरीत दुकानें चल रही है. और अपनी शर्तों पर ही चल रही है।

## आयोजन : सिलघट भिंभौरी में निकाली गई कलश यात्रा

# 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, सामूहिक विवाह और संस्कार के तीन दिवसीय कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

- गायत्री महायज्ञ समाज, संस्कार और राष्ट्र निर्माण का महान पथ : जिपं अध्यक्ष कल्पना

ग्राम सिलघट भिंभौरी में धर्म, संस्कृति और भारतीय परंपराओं के संरक्षण को समर्पित एक भव्य एवं दिव्य कलश यात्रा का आज आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने ग्रामवासियों के साथ पैदल यात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। यह तीन दिवसीय दिव्य आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में वेदमाता गायत्री तथा गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य व माता भगवती देवी शर्मा के संरक्षण में प्रारंभ हुआ है।

कार्यक्रम 13 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें 108 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ, 108 जोड़ों का सामूहिक विवाह तथा 1008 गर्भवती माताओं के गर्भ संस्कार जैसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान शामिल हैं।



कलश यात्रा के दौरान कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि "मैं बचपन से गायत्री परिवार से जुड़ी हूँ। यहाँ सिलघट जैसे गाँव में इतना विशाल, दिव्य आयोजन देखकर मन गर्व और भाव-विभोर हो उठता है। उन्होंने आगे कहा गायत्री महायज्ञ केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि समाज निर्माण, संस्कार निर्माण और राष्ट्र निर्माण का महान पथ है। गर्भोत्सव, आदर्श विवाह और महायज्ञ, ये सभी आयोजन आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध, सशक्त और संस्कारित बनाते हैं। अध्यक्ष ने ग्रामवासियों से इस यज्ञीय श्रृंखला में बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील करते हुए कहा "भारतीय संस्कृति के संरक्षण का अवसर जीवन में बार-बार नहीं मिलता। अपने परिवार, मित्रों और परिचितों सहित अवश्य शामिल हों।"

### कलश यात्रा में झलकी भव्यता आज से होंगे विविध आयोजन

बाजा–गाजा, पुष्पवृष्टि, जयकारों और गायत्री मन्त्रों की गूंज से पूरा गाँव भक्ति-मय वातावरण में डूब गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में 10 दिसंबर भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। वहीं 11 दिसंबर को 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ,12 दिसंबर 1100 गर्भवती माताओं का गर्भोत्सव संस्कार होगा। 13 दिसंबर को 108 जोड़ों का आदर्श विवाह संस्कार किया जाएगा। पूरे कार्यक्रम में संत राम बालक दास महाराज, मां कौशल्या धाम पाटेश्वर आश्रम बालोद अपना सत्संग और आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी, दुर्गा प्रसाद टिकरिहा, ओमकरण साहू, संदीप परगनिहा, राजेश वर्मा, मनोज वर्मा, चंद्रहास वर्मा, दिलीप टिकरिहा, अश्वनी परगनिहा, यशवंत वर्मा, रामशंकर पटेल हरिद्वार, सत्यभामा परगनिहा, तोरण नायक, प्रेमलाल बबला वर्मा, ललिता टिकरिहा, सालिक राम वर्मा सहित अनेक ग्रामीणजन शामिल हुए।

# गुरुद्वारा में तीन दिवसीय कीर्तन दरबार आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- अकाल चलाना कर चुके अध्यक्ष गुरुदयाल सिंह को किया जाएगा समर्पित
- लंगर, आवास व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन के लिए भी स्वयंसेवक जुटे

शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब में इस वर्ष भी वार्षिक तीन दिवसीय कीर्तन दरबार का आयोजन बेहद श्रद्धा और उत्साह के साथ 12 दिसंबर से आरंभ होने जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी समूह साध संगत और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संयुक्त प्रयासों से होने वाला यह आध्यात्मिक आयोजन पूरे क्षेत्र में विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कार्यक्रम में इस बार भी देश के प्रतिष्ठित रागी जत्थे अपनी हाजिरी भरेंगे। दरबार साहिब अमृतसर से प्रसिद्ध कीर्तनकार सिमरप्रीत सिंह तथा शिमला से गुरप्रीत सिंह विशेष रूप से अपनी मधुर वाणी, श्रवणीय कीर्तन और गुरुबाणी व्याख्यान से सत्संगत को निहाल करेंगे।

गौरतलब है कि हर वर्ष राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगत इस दरबार में पहुंचकर गुरुबाणी श्रवण का लाभ उठाते हैं। गुरु घर में होने वाला यह विशाल आयोजन सामाजिक सद्भाव, आध्यात्मिक एकता और सेवा भाव का प्रतीक माना जाता है।

इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से भावुक वातावरण में होगा, क्योंकि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष गुरुदयाल सिंह चावला, जो कुछ ही दिन पूर्व अकाल चलाना कर गए, उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप यह कीर्तन दरबार समर्पित किया गया है। संगत ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि इस वर्ष आयोजित दरबार उनकी स्मृति, सेवा और समर्पण को नमन करेगा। गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों ने बताया कि आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। लंगर व्यवस्था, आवास व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन के लिए भी स्वयंसेवक लगातार जुटे हुए हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक संगत से कीर्तन दरबार में शामिल होकर गुरु महाराज की कृपा प्राप्त करने और स्वर्गीय चावला को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लगाया जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- आशा अभियान एवं मोटर वाहन अधिनियम पर विद्यार्थियों को दी गई विस्तृत जानकारी

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश सरोज नंद दास के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा "आशा अभियान" और मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित जागरूकता शिविर का आयोजन मिनीमाता शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, कारेसरा में किया गया। शिविर का संचालन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिता कोशिमा रावटे के निर्देशन में किया गया।

यह कार्यक्रम नालसा द्वारा जारी 100 दिवसीय अभियान—आशा (जागरूकता, समर्थन, सहायता और कार्यवाही)—के तहत आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य बाल विवाह उन्मूलन के साथ बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। बाल विवाह उन्मूलन और कानूनों की विस्तृत जानकारी देते हुए अधिकार मित्रों ने विद्यार्थियों को बताया कि समाज में व्याप्त बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए शिक्षा, कौशल विकास, पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और सुरक्षा अत्यंत जरूरी है। शिविर में निम्न कानूनों और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जिनमें नालसा टोल फ्री नंबर 15100,बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006,पॉक्सो एक्ट 2012,हिट एंड रन स्कीम 2022,शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009,चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 इसके अलावा यातायात ▶▶| शेष पेज 13 पर



# भाजपा सरकार की 3100 रुपए धान खरीदी पर संदेह भुगतान में देरी से किसानों में रोषः आशीष छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पूर्व विधायक ने की खरीदी व्यवस्था की खुली आलोचना

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने भाजपा सरकार की धान खरीदी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया कि सरकार चुनावी घोषणा के विपरीत किसानों को पूरा भुगतान नहीं कर रही है और 3100 प्रति क्विंटल धान खरीदी का वादा अब संदेह के घेरे में है। छाबड़ा ने कहा कि भाजपा ने चुनावी वर्ष में वादा किया था कि धान की खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी और पूरी राशि एकमुश्त नगद किसानों को मिलेगी। लेकिन हकीकत यह है कि किसानों को फिलहाल केवल न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर ही भुगतान किया जा रहा है। इसके अलावा भुगतान की कोई निश्चित समयसीमा भी तय नहीं है । पूर्व विधायक के अनुसार, कई किसानों को 15–20 दिनों बाद भी उनके खातों में धान का पैसा नहीं मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि धान खरीदी को लेकर सरकार की ओर से अब तक किसी भी स्तर पर 3100 रुपए क्विंटल के वादे पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। प्रक्रिया में जो देरी, बाधाएं और व्यवस्थागत गड़बड़ियां कायम हैं, उससे स्पष्ट है कि सरकार वादा पूरा करने की इच्छुक नहीं दिखती," छाबड़ा ने कहा।



### ऑनलाइन व्यवस्था पूरी तरह चरमराई

गुधेली सोसाइटी के निरीक्षण में कई खामियां उजागर हुईं निरीक्षण के दौरान किसानों ने पूर्व विधायक से अपनी समस्याएं खुलकर साझा कीं। किसानों का आरोप है कि धान तौल में गड़बड़ी कर सोसाइटी की ओर से प्रति क्विंटल 500 ग्राम से 1 किलो तक कटौती की जा रही है। सोसाइटी में अव्यवस्था चरम पर है। किसानों को टोकन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है और कई बार टोकन उपलब्ध ही नहीं हो रहे। ऑनलाइन व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। शासन द्वारा प्रतिदिन खरीदी की सीमित मात्रा (लिमिट) तय किए जाने से किसानों की भीड़ बढ़ रही है और लंबी लाइनें लग रही हैं। ▶▶| शेष पेज 13 पर

## ई-ऑफिस प्रणाली से विभागीय कार्य संपादित करने के निर्देश

# दायित्व निर्वहन में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करें: कलेक्टर शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिला कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं, प्रगति कार्यों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों के दायित्व निर्वहन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, निष्पक्षता और उत्तरदायित्व सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी अधिकारी निर्धारित लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य पूर्ति की दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

कलेक्टर ने बैठक में यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि शासकीय प्रायोजन, आदेश-निर्देश, पत्राचार एवं अन्य सभी प्रशासनिक कार्यों का संपादन अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस क्रियान्वयन प्रणाली के माध्यम से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार कार्य पद्धति में पारदर्शिता बढ़ाने और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी विभाग तुरंत इसके पूर्ण उपयोग को अपनाएँ।



**व्यापक तैयारी करने के दिए निर्देश**

कलेक्टर श्री शर्मा ने आगामी सांसद खेल महोत्सव को सफल बनाने हेतु अधिकारियों को व्यापक तैयारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और प्रतिभा को आगे लाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। विधानसभा स्तर पर 13 एवं 14 दिसंबर को होने वाली प्रतियोगिताओं में सभी चयनित युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि सांसद खेल महोत्सव, युवा महोत्सव और महिला खेल महोत्सव के साथ स्थानीय खेल विधाओं को भी शामिल किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच प्राप्त होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम की सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समय से पूर्ण कर ली जाएँ।

### कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करना है प्राथमिक जिम्मेदारी

राजस्व प्रकरणों के निस्तारण को लेकर कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों में नियमों का पूर्ण पालन करते हुए अत्यंत संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था प्रभावित न हो, यह सुनिश्चित करना प्राथमिक जिम्मेदारी है। सड़क दुर्घटनाओं में हो रही जनहानि को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाएँ आकस्मिक अवश्य हैं, परंतु सतर्कता और यातायात नियमों का पालन कर जनहानि को काफी हद तक रोका जा सकता है। इसलिए प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी स्वयं सुरक्षित रहे तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करें।

### होटल संचालकों के बीच मारपीट, दोनों पक्षों से आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव क्षेत्र में दो होटल संचालकों के बीच हुए मारपीट के मामले की जांच करते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों के आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 नवंबर को रात्रि डोंगरगांव के गौतम होटल के पास दो पक्षों में विवाद होने की सूचना पर मौके पर डोंगरगांव पुलिस की टीम रवाना हुआ एवं घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया, जिस पर डोंगरगांव स्थित योगेश दोसा एवं गौतम होटल के संचलकों द्वारा पुरानी बात को लेकर वाद-विवाद मारपीट होना पाया गया।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# शिक्षामंत्री ने तांदुला संभागीय कार्यालय व उपसंभागीय भवनों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने मंगलवार को जल संसाधन विभाग दुर्ग के तांदुला संभागीय कार्यालय एवं उपसंभागीय भवनों का लोकार्पण फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू, अधीक्षण अभियंता सुरेश कुमार पांडेय एवं कार्यपालन अभियंता आशुतोष सारस्वत सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने इस भवन को प्रदेश में जल संसाधन प्रबंधन और कृषक हितों के क्षेत्र में उच्च दक्षता, पारदर्शिता और तकनीकी प्रगति का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक परिसर पुराने जर्जर भवन की जगह, भविष्यदृष्टा और टिकाऊ तकनीकी मानकों के अनुसार विकसित किया गया है, जिससे विभागीय कार्य प्रणाली और जनता-केंद्रित सेवाओं में स्पष्ट रूप से सुधार आएगा। वर्ष 1912 में निर्मित पुराना भवन समय के साथ अत्यधिक जर्जर हो गया था, जिससे विभागीय कार्य प्रणाली और आम जनता को अपेक्षित सुविधा प्रभावित हो रही थी। भवन का पुनर्निर्माण दूरगामी दृष्टि, तकनीकी मानकों और जनता-केंद्रित प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप किया गया।

## बदलते समय के साथ स्वयं को अपडेट करना जरूरी-ललित चन्द्राकर

### 336.67 लाख रुपए से होंगे कार्य

इस परियोजना की कुल लागत 336.67 लाख रुपए है। यह परिसर दुर्ग जिले में 1.27 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र की सिंचाई योजनाओं, जल संरक्षण एवं अनुरक्षण कार्य और डिजिटाइज्ड अभिलेख प्रणाली के संचालन में केंद्रीय भूमिका निभाएगा। उन्होंने सिंचाई के लिए नहर को महत्वपूर्ण बताया। नहर का जाल बिछने से सभी प्रकार के वाटर रिसोर्स रिचार्ज किया जा सकता है। नवीन भवन में अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाएं सम्मिलित हैं, संरचना के साथ दीर्घकालिक स्थायित्व, फ्लाई ऐश ब्रिक आधारित पर्यावरण-सम्मत निर्माण, प्राकृतिक वेंटिलेशन और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, ऊर्जा-दक्ष प्रकाश एवं वातानुकूलन प्रणाली, सुरक्षित अभिलेख कक्ष और डिजिटाइज्ड ई-ऑफिस अवसंरचना, बहुउद्देश्यीय बैठक कक्ष, विस्तारित कॉरिडोर और सुरक्षित आगंतुक मार्ग, तथा भविष्य की वृद्धि के अनुरूप अनुकूलनीय रूपरेखा। इन सभी तकनीकी पहलुओं ने भवन को प्रशासनिक उत्कृष्टता, कार्यकुशलता और पर्यावरणीय संतुलन का आदर्श केंद्र बनाया।



### सभी जलाशयों में गहरीकरण और सौंदर्यीकरण की जरूरत

अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं अहिवारा विधायक डोमनलाल कार्सेवाड़ा ने कहा कि सभी जलाशयों में गहरीकरण और सौंदर्यीकरण की जरूरत है। कंपनियों द्वारा प्रदूषित जल सीधे जलाशयों में छोड़ा जा रहा है। इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि जलाशयों की शुद्धता और पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सके। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि नए संभाग के गठन के साथ जिले के विकास की संभावनाएं और बढ़ गई हैं। बदलते समय के साथ स्वयं को अपडेट करना और निरंतर नवाचार करना आवश्यक है। आधुनिक तकनीक की मदद से पानी के उपयोग को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में व्यापक स्तर पर सोखता निर्माण का कार्य जारी है।

## खबर संक्षेप



### श्रीमद भागवत गीता मनुष्य को सही रास्ते पर चलना सिखाती है - चन्द्राकर

दुर्ग। ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर अपनी पत्नी मीनाक्षी चंद्राकर के साथ मोहन नगर पांडे टिम्बर परिसर में आयोजित श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में पहुंचे। उन्होंने व्यास पीठ की पूजा कर आशीर्वाद लिया और कथा का श्रवण किया। लोगों ने विधायक दंपति का स्वागत किया और कथा के दौरान उनके साथ बैठकर भक्ति का आनंद लिया। विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि श्रीमद भागवत गीता मनुष्य को सही रास्ते पर चलना सिखाती है और भक्ति जीवन में शांति और संतोष लाती है। उन्होंने प्रदेशवासियों की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना भी की। कार्यक्रम में गुड्डू पांडे, सुशीला पांडे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### कृषि आदान सामग्रियों की निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

दुर्ग। जिले में रबी 2025-26 के लिए फसल क्षेत्राच्छादन, बीज, उर्वरक, कल्चर, कीटनाशक एवं अन्य कृषि आदान सामग्रियों के मांग, भण्डारण, वितरण के साथ-साथ गुण नियंत्रण तथा निरीक्षण एवं कीट व्याधि नियंत्रण के संबंध में निरागनी के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी व सहायक नियुक्त कर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जानकारी अनुसार सहायक संचालक कृषि सुमन कुमार कोर्राम को निगरानी के लिए जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सहायक सांख्यिकी अधिकारी सत्यवती, कृषि विकास अधिकारी अमित, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संपदा लहरे, अनिल चन्द्राकर, निशा सिंह, पूनम कंवर और मुख्य लिपिक सुनिता लाउत्रे को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर नियंत्रण कक्ष के दायित्व सौपी गई है। संबंधित अधिकारी संचालनालय कृषि छ.ग. रायपुर से प्राप्त लक्ष्य एवं निर्देशानुसार अधिनस्थ कार्यालयों से जानकारी/प्रगति संकलित कर समयावधि में वरिष्ठालय को प्रेषित कर नियमानुसार नियंत्रण कक्ष का संचालन करेंगे।

## छह साल से अधूरा है शौचालय, अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई नहीं

# वार्ड 17 में अधूरा शौचालय, जर्जर नेहरू भवन और नालियों पर कब्जा होने से लोग परेशान

## सार्वजनिक शौचालय का निर्माण अधूरा, टूटने लगा ढांचा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 17 में बुनियादी सुविधाओं की कमी लोगों की रोजमर्रा की जीवन को मुश्किल बना रही है। यहां सार्वजनिक शौचालय का अभाव है। चर्चित नेहरू भवन की खराब हालत खराब है। यहां नालियों पर अवैध कब्जे के कारण साफ सफाई नहीं हो पा रही है।

नगर निगम भिलाई अंतर्गत नेहरू भवन वार्ड के चिंगरी पारा में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण छह साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन आधा बनकर छोड़ दिया गया। अब वहां मवेशी घूमते हैं और ढांचा धीरे-धीरे टूटने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्षद चुनाव के दौरान ठेकेदार द्वारा काम रोक दिया गया। उसके बाद कोई ध्यान नहीं दिया गया। जानकारी के अनुसार इस शौचालय के लिए नगर निगम ने करीब 22 लाख रुपये की मंजूरी दी थी। इसके बावजूद काम पूरा न होना कई सवाल खड़े करता है। वार्ड में सफाई व्यवस्था भी पटरी से उतरी है। नालियों पर अवैध कब्जे के कारण सफाई कर्मियों को पहुंच नहीं मिल पाती। नालियां लगातार बजाबजा रही हैं और बदबू से माहौल बिगड़ रहा है। वहीं नेहरू भवन में भी मरम्मत की आवश्यकता है। लोगों ने नालियों से कब्जे हटाकर सफाई कराने की मांग की है।





### लालबहादुर शास्त्री अस्पताल के पास सर्विस रोड बना कचरा जोन, लोगों में नाराजगी

लालबहादुर शास्त्री अस्पताल से कुछ ही दूरी पर जीई रोड के किनारे बनी सर्विस रोड पर लंबे समय से कचरा फेंका जा रहा है। आसपास आबादी है, दुकानें हैं और पास ही एक भवन है जहां शादी और दूसरे सामाजिक कार्यक्रम होते रहते हैं, लेकिन कचरे के ढेर ने पूरे इलाके की हालत खराब कर दी है। लोगों का कहना है कि सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया है। बदबू और गंदगी से माहौल बिगड़ रहा है। शहर को डस्टबीन मुक्त बनाने की कोशिश में अब नए तरीके से सड़कों पर कचरा डालने का सिलसिला चल पड़ा है, जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम से सर्विस रोड पर कचरा डंपिंग पर रोक लगाने की मांग की है।

### 17 कब्जाधारियों को निगम ने थमाया नोटिस, 8 माह बाद भी कार्रवाई नहीं

नेहरू भवन वार्ड में व्यापारियों द्वारा नालियों के ऊपर अवैध रूप से निर्माण कर लिया गया है। इससे लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं हो पा रही है। वहीं सरकारी स्कूल के आगे नालियों पर अवैध कब्जा के कारण सड़क की पतली हो गई है। नियम के तहत सरकारी स्कूल के 100 मीटर के दायरे में पान ठेला नहीं होना चाहिए, लेकिन यहां मौजूद है। निगम के जोन-1 कार्यालय से अवैध कब्जों पर कार्रवाई को लेकर 17 कब्जाधारियों को दो बार नोटिस जारी किया है। पहला नोटिस 7 मई को और दूसरा 20 मई को जारी हुआ था। 8 महीने बीत जाने के बाद भी इन कब्जाधारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### वार्डवासियों ने की सामुदायिक भवन की मांग

चिंगरी पारा के लोगों ने अधूरे पड़े सार्वजनिक शौचालय को लेकर फिर आवाज उठाई है। प्रमोद चौहान, कमलेश चौहान, सुशीला चौहान और सबिता का कहना है कि यह शौचालय करीब छह साल से अधूरा पड़ा है और अब पूरी तरह बेकार हो चुका है। उनका कहना है कि अधूरे ढांचे ने जगह घेर रखी है लेकिन किसी काम का नहीं है। लोग चाहते हैं कि इस अधूरे निर्माण को तोड़कर यहां एक सार्वजनिक भवन बनाया जाए, ताकि मोहल्ले के लोग सामाजिक कार्यक्रम आसानी से कर सकें। स्थानीयों का कहना है कि वार्ड में पहले से ही सार्वजनिक सुविधाओं की कमी है। ऐसे में अगर यहां एक सामुदायिक भवन बनाया जाता है तो इसका फायदा पूरे मोहल्ले को मिलेगा और जगह का सही उपयोग भी हो सकेगा।



### 1 करोड़ से होगा डामरीकरण

अधूरे शौचालय को पूरा करने के लिए कई बार निगम में आवेदन सौंपा गया है। पार्षद चुनाव के पहले काम रोक दिया गया था। वार्ड में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 1 लाख रुपए से नाली और सीमेंटीकरण कार्य होना है। वहीं 1 करोड़ की राशि से डामरीकरण कार्य कराया जाएगा। **-भोजराज भोजू,** पार्षद वार्ड 17, सुपेला

### अन्तरमहाविद्यालयीन सामान्य ज्ञान में डिलेश प्रथम

दुर्ग। सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस 26 नवंबर को भारतीय संविधान एवं मानव अधिकार विषय पर अंतरमहाविद्यालयीन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से संबंद्ध 25 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम स्थान पर डिलेश कुमार साहू चंदूलाल चंद्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, धमधा, द्वितीय स्थान पर आयशा नाज, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाईनगर तथा तृतीय स्थान पर श्रवण साहू, चंदूलाल चंद्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, धमधा घोषित किए गए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा, राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद यादव एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. आयशा अहमद ने विजेताओं को बधाई दी है।

### रासेयो के सात दिवसीय शिविर का समापन



दुर्ग। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह ग्राम कोलिहापुरी में डॉ0 रंजना श्रीवास्तव प्राचार्य के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक सेवा, समाज के उत्थान के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पण की भावना रखते हुए सामाजिक समरसता विश्वबंधुत्व, राष्ट्रीय एकता का संदेश देती है। मुख्य अतिथि डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, सेनि अपर संचालक, स्वास्थ्य विभाग, रायपुर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं सर्वेक्षण, प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक, स्वास्थ्य सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से जागरूकता अभियान का संदेश पहुंचाया है। उससे सभी ग्रामीण लाभान्वित एवं जागरूक रहे।

## शास. पॉलिटेक्नीक दुर्ग में मित्र कुंभ 2025 का आयोजन 13 को

दुर्ग। शासकीय पॉलिटेक्नीक दुर्ग में 13 दिसम्बर को भूतपूर्व छात्रों के एक मिलन समारोह मित्र कुंभ 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन संस्था की समृद्ध विरासत और भविष्य की प्रेरणा का संगम बनेगा।

संस्था के एल्युमनी एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, यह आयोजन सिर्फ एक मिलन समारोह नहीं, बल्कि यह संस्था की विरासत को आगे बढ़ाने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने का एक प्रयास भी है। पूर्व छात्रों की सफलता की कहानियां, उनके अनुभव एवं विचार निश्चित रूप से वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणादायक होंगे। एसोसिएशन के सचिव शीतल दुबे ने संस्था के भूतपूर्व छात्रों को आमंत्रित करते हुए कहा, मित्र कुंभ 2025 में सम्मिलित होकर अपने पुराने मित्रों से मिलेंगे, बल्कि संस्था परिसर में पुरानी यादों को भी ताज़ा करेंगे। प्राचार्य पीके पांडे ने भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वे इस विशेष आयोजन में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## जन्म, कर्म और मृत्यु ही मृत्युलोक का मूल : पं. भूपत नाराण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वीआईपी नगर शिव मंदिर के पास रिसाली में आयोजित त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन पंडित भूपत नारायण शुक्ल अमोरा बेमेतरा वाले ने मृत्युलोक का बोध कराया। बता दें कि इस आयोजन में अलग अलग राज्यों से साधु संत व महंत अपनी उपस्थिति दे रहे हैं।

त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान मंगलवार को पंडित भूपत नारायण शुक्ल ने बताया कि मृत्यूलोक का मतलब है मरने वाला लोक। जन्म, कर्म और मृत्यू से मृत्यूलोक बना है। पौराणिक कथाओं के अनुसार वह लोक संसार है जहां जन्म लेने वाले सभी प्राणियों की मृत्यु होती है। इसे पृथ्वी लोक भी कहते हैं, जो कर्मों का मंच है जहां आत्माएं जन्म-मृत्यु के चक्र से गुजरती हैं और अपने कर्मों का फल पाती हैं, तथा ज्ञान और मोक्ष प्राप्त करने का प्रयास करती हैं, यह एक नश्वर और अस्थायी स्थान है जहां मोह और माया का अनुभव होता है, इस लोक को आत्मा के विकास का स्थान माना गया है।



### भगवान के तीन तत्वों का किया वर्णन

पं. शुक्ल ने भगवान के तीन तत्वों का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सत चित और आनंद से सचिदानंद भगवान का नाम आया है। यानि जो सत्य मन के साथ आनंदित हो वे सचिदानंद भगवान है। भगवान अपने भक्तों को सदा इसी सत चित से देखते हैं और उनका उद्धार करते हैं। पंडित शुक्ल ने आगे कहा कि मानव जन्म मिला है तो हमें सत कर्म ही करना चाहिए। जैसा कर्म करेंगे वैसा ही फल मिलेगा। मृत्यूलोक में मानव को अपने कर्मों के अनुसार ही फल मिलता है। अच्छे कर्म मानव आत्मा को मोक्ष मिलता है और उन्हें स्वर्ग की प्राप्ति होती है।

### ग्रंथों में मिलता है मृत्युलोक का वर्णन

पंडित शुक्ल ने बताया कि गीता में भी भगवान श्रीकृष्ण गीता में अपने परम शिष्य अर्जुन से कहा था कि हे कौन्तेय! सूर्य के उत्तरायण होने पर, शुक्ल पक्ष के दौरान, दिन के समय में जो पुण्यात्मा अपना देह त्यागता है, उसे तत्क्षण मोक्ष की प्राप्ति होती है। वहीं, सूर्य के दक्षिणायन होने पर, कृष्ण पक्ष के दौरान, रात के समय में देह त्यागने पर व्यक्ति को चंद्र लोक में स्थान प्राप्त होता है। एक निश्चित समय के बाद जीवात्मा को पुनः मृत्यु लोक में आना पड़ता है। गरुड़ पुराण में भी उच्च लोकों के बारे में वर्णन है। इसका अर्थ यह है कि हमारे पुराने ग्रंथों में मृत्यूलोक का वर्णन मिलता है।

## अनावश्यक कंडिकाओं को किया गया मर्ज वास्तविक मूल्य अनुसार मिले सके लोन

# नई गाइड लाइन की कंडिकाओं का किया सरलीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक द्वारा छत्तीसगढ़ गाइडलाईन दरों को निर्धारण नियम 2000 के प्रावधानों के तहत उप जिला-जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त, स्थावर संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण से संबंधित गाइडलाईन दर वर्ष 2025-26 को केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड छग रायपुर द्वारा अनुमोदित कर 20 नवम्बर 2025 से संपूर्ण छत्तीसगढ़ में लागू की गई है। नवीन गाइडलाईन को लेकर आमजन के मध्य भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई है।

- पिछले 7-8 वर्षों से गाइड लाइन दरों में वृद्धि नहीं

विगत 7-8 वर्षों से गाइडलाईन दरों में वृद्धि नहीं किये जाने के कारण सम्पत्ति के वास्तविक मूल्य एवं गाइडलाईन दर असंतुलित हो गया था। इसे संतुलित करने वार्डों के परिसीमन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित ग्राम, मुख्य मार्ग, अन्य मार्ग आदि को दृष्टि से मुख्य मार्ग, अन्य मार्ग तथा एक समान क्षेत्रों का सामुहिकरण करते हुए दरों को युक्तियुक्तकरण किया गया, जिससे किसानों को उनकी भूमि का वास्तविक दर अनुसार मुआवजा मिल सके तथा आम जनता को वास्तविक मूल्य अनुसार हाऊसिंग लोन की राशि मिल सके।

### रखी गई है 457 कंडिकाएं

जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि दुर्ग जिले में लागू नवीन गाइडलाईन दरों की विसंगति को दूर करने कंडिकाओं का सरलीकरण कर नगरीय क्षेत्र, नगर निगम दुर्ग, भिलाई, भिलाई-3 चरोदा, रिसाली, उतई के अनेक वार्ड में 1020 कंडिकाएं थी, जिन्हें युक्तियुक्तकरण कर 457 कंडिकाएं रखी गई हैं। नगरीय क्षेत्रों के वार्डों की कंडिकाओं का युक्तियुक्तकरण अर्थात विसंगति दूर कर अनावश्यक कंडिकाओं को मर्ज करते हुए लगभग समान दर वाली कंडिकाओं के लिए एक समान दर का निर्धारण किया गया। उसमें 20 प्रतिशत की वृद्धि किया गया है। इसमें इस बात का ध्यान रखा गया है कि किसी भी रोड व वार्डों के आमने-सामने की दरों में समानता हो। पूर्व में प्रचलित बाजार मूल्य मार्गदर्शिका में एक ही वार्ड में विभिन्न कंडिकाओं में एक समान जगहों पर अलग-अलग दरें थी, जिससे नागरिकों एवं आमजनों को समझने में कठिनाई होती थी कि उनके अचल संपत्ति एवं दूसरे संपत्ति एक ही वार्ड में होने पर भी गाइडलाईन बाजार मूल्य अलग-अलग होते थे। जबकि वास्तविक बाजार मूल्य लगभग एक समान होते थे।

### ओवरलेपिंग कंडिकाओं के मर्जर से विसंगति दूर कर एक समान दर रखा गया

पूर्व प्रचलित गाइडलाईन 2019-20 में नगर पालिक निगम दुर्ग की तितुरडीह वार्ड क्रमांक 21 में कुल कंडिकाओं की संख्या-15 था, जबकि लागू नवीन गाइडलाईन 2025-26 में केवल 04 कंडिका रखा जाकर पुनर्रीक्षित एवं युक्तियुक्तरण/विसंगतियों को दूर कर रखा गया है। नगर निगम दुर्ग के वार्ड क्रमांक-27 पोलसाय पारा वार्ड की कंडिका क्रमांक (4) फरिश्ता काम्प्लेक्स से पुराना बस स्टैण्ड तक, स्टेशन रोड एवं वार्ड क्रमांक 28 कंडिका (4) फरिश्ता काम्प्लेक्स चौक से नया बस स्टैण्ड जाने वाली रोड की दोनों दर में असामान्य विसंगति थी। ओवरलेपिंग कंडिकाओं के मर्जर से विसंगति दूर कर एक समान दर रखा गया जिससे संपत्ति की विशिष्ट पहचान के साथ सही मूल्यांकन किया जा सकें। इसी आधार पर रोड/वार्डों के आमने-सामने की दरों को समान रखा गया है।

### जुनवानी और स्मृतिनगर में भी एक समान दाम

नगर निगम भिलाई के वार्ड 01 में पूर्व में 22 कंडिकाएं थी जिसमें मुख्य मार्ग पर 10, 800 से 37,700 रुपए प्रति वर्गमीटर एवं मुख्य मार्ग के अंदर 22 भिन्न-भिन्न दरें थी। वहीं स्मृति नगर में पूर्व में 09 कंडिका प्रचलित था जहां मुख्य मार्ग की दरे 23,000 से 30,200 रुपए प्रति वर्गमीटर था एवं मुख्य मार्ग के अंदर 9 भिन्न-भिन्न दरें 12,700 से 22,200 रुपए तक प्रचलित था। ये दोनों ही वार्ड मुख्य मार्ग जुनवानी के आमने-सामने स्थित है। इन्हीं दरों की विसंगतियों को दूर करने हेतु मुख्य मार्ग एवं मुख्य मार्ग अंदर एक समान दर रखा गया है।

## छग निषाद केंवट समाज के पदाधिकारियों का चुनाव नामांकन 11 व 12 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

छत्तीसगढ़ निषाद (केंवट) समाज प्रदेश संगठन की बैठक केन्द्रीय कार्यालय कोहका में आयोजित की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद की अध्यक्षता में प्रदेश संगठन के समस्त प्रदेश पदाधिकारी एवं छत्तीसगढ़ जिला अध्यक्ष सम्मिलित हुए। बिरेंद्र कुमार निषाद ने बताया बैठक में प्रदेश संगठन का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष के साथ सभी पदों पर चुनाव कराने पर का निर्णय लिया गया है तथा बैठक में चुनाव अधिकारी नियुक्ति किया गया। जिसमें महासमुंद के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवि निषाद को मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारी पीके निषाद, सोनी राम निषाद, विजय लाल निषाद, भोज प्रसाद निषाद, रामकुमार निषाद, बसन्त लारिया, सोहन लाल निषाद, बंशीलाल निषाद, लखन लाल निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। छत्तीसगढ़ में निषाद समाज की जनसंख्या 25 लाख हैं जिनमें चुनाव में भाग लेने वाले आजीवन सदस्य, तहसील, परिक्षेत्र, के ही पदाधिकारी चुनाव में मतदान देंगे । नामांकन तिथि 11 और 12 दिसंबर को होगी। मतदान तिथि 28 दिसंबर को 4 संभागों में होगी जिनमें केंद्रीय कार्यालय कोहका भिलाई, जिला रायपुर , बिलासपुर जगदलपुर, कार्यालय में मतदान की जाएगी। तथा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को ग्राम फुण्हर रायपुर में 24 वां राज्य स्तरीय युवक-युवती एवं विधवा- विधुर परिचय सम्मेलन के दौरान शपथ लेंगे।

# सीजन का सबसे कम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस रहा, चार दिन तक चलेगी शीतलहर



## ट्विनसिटी में पड़ने लगी कड़ाके की ठंड, अलाव से राहत पाने की जा रही कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी का पारा मंगलवार को इस सीजन का सबसे कम रहा। न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस तक आ पहुंचा। यह सामान्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। जिसकी वजह से दुर्ग जिला शीतलहर के चपेट में है। मौसम विभाग ने दुर्ग जिले में आगामी चार दिनों तक यानी 13 नवंबर तक शीतलहर चलने की चेतावनी दी है। सुबह और देर रात घना कोहरा और धुंध की स्थिति बन गई है।

### 11 व 12 को सबसे ज्यादा शीतलहर

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग जिले में 11 व 12 दिसम्बर को तीव्र शीत लहर चलने की संभावना है। उत्तर एवं मध्य छत्तीसगढ़ में एक-दो पाकेट में शीत लहर चली। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री सेल्सियस दर्ग में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया।

### ऐसा चल रहा है सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ मध्य लोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त के रूप में बना हुआ है, जिसका अक्ष समुद्र तल से 5.5 किमी ऊपर है। वो अक्षांश 23N के उत्तर में देशांतर 81E के साथ-साथ बना हुआ है। शहर के लिए स्थानीय पूर्वानुमान 10 दिसम्बर को धुंध छाए रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान क्रमशः 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

### सुबह और रात को ठिठुरन बढ़ी

ट्विनसिटी में अलसुबह और जैसे जैसे रात होती है वैसे-वैसे ही सर्द हवाएं तेजी से चलने लगती है। जिसकी वजह से ठिठुरन बढ़ जाती है। कड़ाके की ठंड का एहसास लोगों को होने लगा है। सुबह मार्निंग वॉकिंग करने वालों में भी अब कमी आई है। देर रात तक भी आवागमन कम हुआ है। बाजार भी जल्दी बंद होने लगे हैं। लोग अब घर में ही रहना पंसद कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप



### तीन और ओव्हरब्रिज की आवश्यकता, विधायक रिकेश ने केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

**भिलाई।** भिलाई में नेहरू नगर मुख्य चौराहे सहित अन्य क्षेत्र में बढ़ते ट्रेफिक दबाव को कम करने के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और उप मुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजमार्ग और नेहरू नगर चौक से अग्रसेन चौराहे तक ओव्हर ब्रिज बनाने की मांग की है। विधायक सेन ने बताया कि नेशनल हाइवे खुर्सीपार, पावर हाउस एवं सुपेला में ओव्हर ब्रिज का निर्माण किया गया है। इससे शहर के ट्रैफिक जाम में कमी आई है, लेकिन नेहरू नगर चौक में ओवर ब्रिज न होने के कारण शाम 6 से रात 10 बजे तक हैवी ट्रैफिक जाम रहता है। दिन में भी लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वायु प्रदूषण अधिक होने से भी नेहरु नगर के आसपास क्षेत्र में एक्यूआई निर्धारित मानक से अधिक हो रहा है।

## राहत : 16411 मीट्रिक टन के उठाव के लिए डीओ/ टीओ जारी

# धान उठाव शुरू, जिले के 26 उपार्जन केंद्र से 5150 मीट्रिक टन धान उठाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

धान खरीदी के लंबे समय बाद धान का उठाव शुरू हो पाया है। जिले के 102 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू की गई है। अब तक 26075 किसानों से 1,36,322.68 मीट्रिक टन धान खरीदी हुई है। धान का उठाव 26 उपार्जन केंद्रों में शुरू हुआ है। यहां से 5,150 मीट्रिक टन धान का उठाव हुआ है। 87 समितियों के माध्यम से धान खरीदी हो रही है। किसानों को टोकन ऑनलाइन सिस्टम से दिए जा रहे हैं। बारदानें की व्यवस्था भी की गई है।

उपार्जन केंद्रों में जाम हो गया था धान



### 7929 किसानों का 131.80 हेक्टे. रकबा समर्पण

धान बेचने के साथ ही किसानों से रकबा भी समर्पण करवाया जा रहा है। यानी जो किसान अपनी उपज बेच चुके हैं और रकबे के हिसाब से और धान बेच सकते हैं लेकिन ऐसे किसानों से रकबा समर्पण करवाया जा रहा है। रकबा समर्पण करने से धान खरीदी में दलालों की भूमिका समाप्त हो जाएगी और पारदर्शी तरीके से यह कार्य होगा। अब तक 7929 किसानों ने 131.80 हेक्टेयर रकबा समर्पित किया है। खरीफ वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में 6,16,435 मे. टन धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य निर्धारित है।

### 70 राइस मिलर ही उठाव के लिए पंजीकृत

धान उठाव के लिए विपणन संघ द्वारा 70 मिलरों से ही अनुबंध हो पाया है। जिले में 150 राईस मिलर हैं लेकिन पिछले साल धान उठाव कर मिलिंग का चावल जमा नहीं किया। जिसकी वजह से शेष 80 मिलरों को अभी भी उठाव के लिए पात्रता नहीं मिल पाई है। जिसकी वजह से धान के उठाव करने में देरी भी हुई है। विपणण संघ के मुताबिक अनुबंधित मिलरों को 16,411.60 मेट्रिक टन का डीओ/ टीओ जारी हो गया है।

### किसानों को 27,402 लाख रुपए भुगतान

धान खरीदी के साथ ही किसानों के खाते में पैसा भी डाला जा रहा है। जिले में अब तक 1,36,322 मीट्रिक टन धान खरीदी हुई है जिसकी लागत राशि 32,328.87 लाख रुपए होती है। शासन की पारदर्शी व्यवस्था और तुंहर टोकन के अंतर्गत किसानों को सहुलियतें मिल रही है और वे निर्धारित तिथि अनुसार धान बेचने उपार्जन केन्द्रों में पहुंच रहे हैं। किसानों को धान बिक्री पश्चात 27,402 लाख रुपए का ऑनलाईन भुगतान हो चुका है।

### सबसे ज्यादा धान उठाव

| | |
|---|---|
| सिरसा उपार्जन केंद्र- | 66.73 प्रतिशत |
| कोलिहापुरी उपार्जन केंद्र- | 46.12 प्रतिशत |
| चंदखुरी उपार्जन केंद्र- | 45.54 प्रतिशत |
| अहेरी उपार्जन केंद्र - | 30 प्रतिशत |
| ननकट्टी उपार्जन केंद्र - | 25 प्रतिशत |
| कुथरेल उपार्जन केंद्र- | 13.33 प्रतिशत |
| बोरीगारका उपार्जन केंद्र - | 18.18 प्रतिशत |

### डीओ/टीओ जारी

“ दुर्ग जिले में धान का उठाव चालू हो गया है इसके लिए 70 राईस मिलरों से अनुबंध किया गया है। डीओ/टीओ भी लगातार जारी हो रहे हैं। धान उठाव में तेजी आई है जिसके वजह से उपार्जन केंद्रों में अब जगह भी बन रही है।

**राहुल सिंह,**
डीएमओ जिला विपणन

# महिला कर्मी की मौत मामले में प्रबंधन के खिलाफ जुर्म दर्ज

**ओएचपी परिसर में हुआ था हादसा, महिला कर्मी के सिर पर गिरा था पाइप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई स्टील प्लांट के ओएचपी परिसर में 5 दिसंबर को एक महिला कर्मी के सिर पर लोहे का जर्जर पाइप गिर गया था। इससे उसकी मौत हो गई थी। पठ्ठी पुलिस ने इसमें प्रबंधन की लापरवाही पाते हुए उसके खिलाफ धारा 106, 289 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

भठ्ठी पुलिस ने बताया कि महिला ग्राम रिसामा निवासी पुष्पा साहू (41 साल) ओएचपी के हाफ एरिया वागन टिपलर नंबर-4 के नीचे जे 3सी 2 पॉइंट पर सफाई का काम कर रही थी। अचानक महिला के ऊपर ऊपर लगा लोहे का पाइप टूटकर गिर गया। जांच में पाया गया कि पाइप लंबे समय से जंग खाकर जर्जर हो चुका था। उसके भीतर मिट्टी और डस्ट भरा हुआ था। तेज आवाज के साथ पाइप सीधे पुष्पा साहू के सिर पर गिरा। कर्मियों ने घायल महिला को मेन मेडिकल पोस्ट पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सेक्टर-9 अस्पताल रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित

- भट्ठी पुलिस ने जांच कर दर्ज की एफआईआर

कर दिया।

थाना भट्टी के सहायक उप निरीक्षक भारत सिंह चौधरी ने मामले की जांच की। जांच में गवाह रमेश कुमार साहू, लुकेश्वर ठाकुर और धीरेन्द्र कुमार ठाकुर के बयान लिए गए। घटना स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया था और जर्जर पाइप को समय पर बदला नहीं गया। पुलिस के मुताबिक बीएसपी प्रबंधन की उपेक्षापूर्ण लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।

# रजिस्ट्री गाइड लाइन और शुल्क विसंगतियों पर मंत्री चौधरी से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चेम्बर के प्रतिनिधियों ने मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री चौधरी से रजिस्ट्री गाइड लाइन और शुल्क को लेकर चर्च की गई।

मंगलवार को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज भिलाई के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में मंत्री ओपी चौधरी से सौजन्य भेंट की। भसीन ने बताया कि भिलाई एवं दुर्ग क्षेत्र में कई स्थानों की गाइडलाइन एक जैसी निर्धारित कर दी गई है, जबकि वास्तविक बाजार मूल्य अलग-अलग है। इसके अलावा, पहले मार्गों को मुख्य मार्ग, पहुंच मार्ग और भीतरी गलियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता था, लेकिन अब केवल मुख्य मार्ग और अंदर मार्ग में विभाजन किया जा रहा है। इस कारण गाइडलाइन गलत तय हो रही है, जिसे सुधारना आवश्यक है।

मंत्री श्री चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कहा कि सभी बिंदुओं का गहन अध्ययन कर विसंगतियों को दूर किया जाएगा। साथ ही उन्होंने भिलाई चेम्बर द्वारा 19 दिसंबर को आयोजित होने वाले चेम्बर गौरव दिवस कार्यक्रम के आमंत्रण को स्वीकार किया। इस अवसर पर चेम्बर के पदाधिकारी अनिल जोतसिंघानी, सुनील मिश्रा, शंकर सचदेव, सरमद इमाम सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# पं. धीरेंद्र शास्त्री की दिव्य हनुमंत कथा को लेकर तैयारियां जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जयंती स्टेडियम के पास 25 से 29 दिसंबर तक आयोजित हनुमंत कथा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। महिलाओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के 25 से 29 दिसंबर तक दिव्य हनुमंत कथा का आयोजन सेवा समर्पण समिति द्वारा किया जा रहा है। आयोजन समिति के संयोजक राकेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। मातृ शक्तियों द्वारा घर-घर जाकर आमंत्रण कार्ड एवं पीला चावल भेंट कर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। दुर्ग-भिलाई में विभिन्न समाजों के नाम से लगभग 100 स्वागत गेट का निर्माण किया जाएगा। इसमें समाज की परंपरा और संस्कृति के अनुरूप कलाकृतियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। भगवा ध्वज भी लगाए जाएंगे। राकेश पाण्डेय ने लोगों से अपने घरों की छत पर भगवा ध्वज लगवाने की अपील की है।

### वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने की कार्रवाई

**भिलाई।** सड़क पर असुरक्षित रूप से खड़े वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई किया है। ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के तहत जीवन की रक्षा और परिवहन व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए अभियान चलाया गया है। इस दौरान कुल 21 वाहन स्वामियों के खिलाफ धारा 285 के तहत कार्रवाई की गई है। लापरवाह वाहन चालाक स्वामी के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। थाना पुलगांव, मोहन नगर, नेवई, सुपेला, खुर्सीपार, पुरानी भिलाई, नंदनी में 2 -2 प्रकरण और दुर्ग, वैशाली नगर, कुम्हारी, उतई, पाटन, अंडा, अम्लेश्वर में 1 -1 अपराध दर्ज हैं।

# रेलवे अधिग्रहण प्रभावित किसानों की आपातकालीन सभा, गाइडलाइन त्रुटियों व अनदेखी पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अधिग्रहण से प्रभावित 12 ग्रामों पुरई, पाउवारा, कोड़िया, भानपुरी, करगाडीह, थनौद, बोरिगार्का, चंदखुरी, बिरेजहर, खोपली, घुघसीडीह, चांगोरी गुस्साए किसानों ने सतनाम भवन, ग्राम पुरई में आपातकालीन सभा आयोजित की। सभा राज्य शासन व प्रशासन द्वारा द्वारा जारी सूचना और किसानों के लंबित ज्ञापनों पर असंतोषजनक और जवाब न मिलने को लेकर की गई। चेतावनी दी गई है कि सभी मांगें जल्द पूर्ण नहीं किए जाने पर अप्रिय स्थिति निर्मित होने पर शासन प्रशासन जिम्मेदार रहेगा।सभा के बाद, किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर गाइडलाइन दरों में सुधार, सर्वे पर रोक और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की गई है। सभी मांगों पर तत्काल कार्रवाई? की मांग की गयी है।

किसानों ने बताया कि गाइडलाइन दरों में त्रुटियों का सुधार के साथ अनुच्छेद 14 का उल्लंघन बंद हो। किसान 2025-2026 की नवीन गाइडलाइन दरों का पूर्ण विरोध नहीं करते, लेकिन कई ग्रामों में वर्ग मीटर की दरें पूर्व की तुलना में कम कर दी गई हैं। समीपवर्ती ग्रामों की दरों में अत्यधिक असमानता है। ज्ञापन में मांग की गई है कि समानता का अधिकार के तहत त्रुटियों के सुधार के बाद उन्हें दरों पर कोई आपत्ति नहीं होगी। गाइडलाइन दरों से संबंधित विभाग में वे भी पुनर्विचार याचिका दी जाएगी। किसानों ने शासन की इस जानकारी पर आपत्ति जताई है, जिसमें कहा गया है कि जमीन में मौजूद वृक्ष, फलदार वृक्ष, बोरवेल, बाउंड्री वॉल आदि का मूल्यांकन में समावेश नहीं किया जाएगा। मूल्यांकन निर्णय से पहले ग्राम सभा आयोजित करने के साथ किसानों की राय को प्राथमिकता दी जाए।



### जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन

कार्रवाई में देरी से किसान नाराज हैं। किसानों द्वारा 11 नवंबर को कलेक्टर कार्यालय और 9 नवंबर को को थाना उतई में दिए गए एफआईआर आवेदन पर आज तक कोई संतोषजनक उत्तर या कार्यवाही नहीं हुई है। अन्य वर्गों द्वारा किए गए आंदोलनों पर शासन ने त्वरित संशोधन किए, जबकि किसानों की वैध एवं शांतिपूर्ण मांगों को अनसुना किया गया है।किसानों ने बताया कि जब तक शासन द्वारा लिखित, आधिकारिक और संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं मिल जाता, तब तक सर्वे कार्य पर रोक लगाई जाए। मांग की गई है कि अधिग्रहण के बाद खेत तक पहुंचने के लिए रास्ता और नहर प्रयोग बाधित न हो। रास्ता ऐसा हो कि हार्वेस्टर और ट्रैक्टर आसानी से खेत तक पहुंच सकें। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द और संतुष्टिपूर्ण कार्यवाही नहीं हुई, तो किसी भी अप्रिय स्थिति के लिए शासन प्रशासन जिम्मेदार होगा। सभा मे यशवंत साहू, डॉ. कोसरे, मलेश निषाद, अजय कुमार सिन्हा, सोनल, धर्मेंद्र देशमुख, प्रदीप देशमुख, सतीश देशमुख, जवाहर लाल, गोपेश्वर साहू, उमेश साहू सहित विभिन्न गावों के कई किसान उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### मेडिकल दुकानों में बड़ा ...

बात यह है कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के पास यह कोई भी डेटा उपलब्ध नहीं है कि संचालक के पास खुद की फार्मेसी डिग्री है या नहीं? दुकान में नियुक्त फार्मासिस्ट वास्तव में मौजूद है या नहीं? दुकान किराए के लाइसेंस पर तो नहीं चलाई जा रही? अक्सर देखा गया है कि विभाग समय-समय पर मेडिकल दुकानों में प्रतिबंधित, नशीली और एक्सपायरी दवाओं की जांच तो करता है, लेकिन फार्मासिस्ट की उपस्थिति और वैधता की जांच तक नहीं करता, जो कि सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। विशेषज्ञों का मानना है कि बिना प्रशिक्षित व बिना लाइसेंसधारी कर्मियों के माध्यम से दवाओं का वितरण होना जिले में जन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। गलत दवा, गलत डोज़ और गलत सलाह से रोगी के जीवन पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है।

### जिला विधिक सेवा ...

विभाग ने सड़क सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए यातायात विभाग के प्रधान आरक्षक दौलत वर्मा और आरक्षक कुलेश्वर साहू ने मोटर वाहन अधिनियम व सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों पर छात्रों को समझाया कि ट्रैफिक लाइट एवं संकेतों का पालन करें,शराब पीकर वाहन न चलाएँ,मोबाइल फोन का उपयोग वाहन चलाते समय न करें,सीट बेल्ट व हेलमेट का अनिवार्य उपयोग करें,गति सीमा का पालन करें,पैदल यात्री मार्ग (ज़ेब्रा क्रॉसिंग) का प्रयोग करें,हमेशा अपनी लेन में वाहन चलाएँ साथ कहा इन नियमों का पालन सड़क दुर्घटनाओं से बचाव में अत्यंत महत्वपूर्ण होता है ।कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र धरमू बारले, पंकज घृतलहरे, टूवेन्द्र वर्मा सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन व्यवस्था ....

समय पर टोकन न मिलने से मजबूरः किसानः धान पड़े-पड़े सूख रहा है, जिससे वजन में भारी कमी आ रही है और किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि खेतों से कटकर तैयार धान बेचने के लिए पड़ा है, लेकिन समय पर टोकन न मिलने से वे मजबूर हैं। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में किसान व कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे जिनमें—रवि परगनिहा, विवेक सिंह राजपूत, आशीष परगनिहा, राधे ध्रुव, कमल साहू, कुशल नायक, रामस्वरूप नायक, राजू साहू, खेलन यादव, राजीव साहू, तुलसी नायक, नारायण पाल, जितेंद्र जोशी, नरेश साहू, दाऊलाल यादव, भूपेंद्र ध्रुव, भागीरथी साहू, गजानंद ठाकुर सहित कई किसान शामिल थे।

## नाली निर्माण कार्य को समय सीमा और गुणवत्तापूर्ण करने दिए निर्देश

# निगम आयुक्त ने वैशाली नगर जोन-2 के विकास कार्यों और समस्याओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-2 (वैशाली नगर) के अंतर्गत चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन नाली, प्रस्तावित और नवीन सड़क निर्माण स्थलों, अवैध कब्जों सहित जलभराव वाले क्षेत्रों का बारीकी से जायजा लिया। आयुक्त और जोन आयुक्त येशा लहरे ने साक्षरता चौक के समीप निर्माणाधीन नाली का निरीक्षण किया। उन्होंने नागरिकों की सुविधा को देखते हुए गंदे पानी की बेहतर निकासी सुनिश्चित करने के लिए नाली निर्माण कार्य को समय सीमा और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। चौक के समीप प्रस्तावित रोड निर्माण स्थल का निरीक्षण कर प्रक्रिया पूर्ण होते ही कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। बीएमसाह और तीनदर्शन मंदिर के पास प्रगति पर रहे नवीन सड़क निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने सड़क की चौड़ाई और कोर को ध्यान में रखते हुए काम करने और कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

### सड़क निर्माण में अवैध कब्जा बनी बाधा

आयुक्त पांडेय ने निरीक्षण के दौरान पाया कि तीनदर्शन मंदिर के पास सड़क निर्माण में अवैध कब्जों के कारण बाधा आ रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन अवैध कब्जों को शीघ्र हटाने के सख्त निर्देश दिए ताकि सड़क निर्माण का कार्य निर्बाध रूप से पूरा हो सके।निगम आयुक्त ने कृपाल नगर के सड़क 2 में निर्मित जलभराव की स्थिति का जायजा लिया, जिससे नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। उन्होंने तत्काल इस समस्या का समाधान करते हुए सड़क को आवागमन के लिए व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए।



### मोहल्लों में सफाई का किया अवलोकन

आयुक्त पांडेय ने वार्ड के अन्य मोहल्लों में साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया और प्रतिदिन सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने क्षेत्र में स्थित एक उद्यान का भी निरीक्षण किया और उद्यान के भीतर साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, उप अभियंता चंदन निर्मल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा सहित जोन-2 के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

### गढ़चिरौली में 11 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**मोहला।** छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान चलाए जाने के बाद नक्सलियों का आत्मसमर्पण जारी है। बुधवार को गढ़चिरौली में ग्यारह नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 82 लाख रुपए का ईनाम था। इन सभी ने डीजी रश्मि शुक्ला के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। समर्पण के दौरान चार हथियार भी साथ लाए और गढ़चिरौली पुलिस के समक्ष समर्पण किए हैं। इधर चार हार्डकोर नक्सलियों ने कांकेर में सरेंडर किए हैं, जो मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के कोरकोट्टी-मदनवाड़ा में शामिल थे। सभी लंबे समय से छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय रहे है। कांकेर एसपी आई. कल्याण एलिसेला ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहे है। जिसमें कई जवानों की शहादत हुई थी। ये नक्सली कांकेर जिले के अलावा महाराष्ट्र, मोहला-मानपुर क्षेत्रों में भी सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति और फोर्स के बढ़ते दबाव के कारण लगातार नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली, सांसद कार्यालय का किया घेराव

**राजनांदगांव।** कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और साहयिकाओं ने अपने तीन दिवसीय प्रदर्शन के अंतिम दिन आज ट्रेड यूनियन के बैनर तले प्रदर्शन स्थल से रैली निकाली और सांसद कार्यालय का घेराव किया। न्यूनतम वेतनमान सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका द्वारा तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया था। अपनी मांगों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने और सांसद कार्यालय के घेराव का आयोजन किया गया।

# मानवाधिकार दिवस पर हुई कार्यशाला और छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ढोलिया में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय बेमेतरा के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर के मार्गदर्शन एवं प्रभारी अधिष्ठाता कुंती बंजारे के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आए लीगल एक्सपर्ट अधिवक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को मानवाधिकार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। अधिवक्ता दुर्गा साहू ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने मानवाधिकारों के संबंध में जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। अधिवक्ता आयुष शुक्ला ने राइट टू लाइफ, राइट टू डिग्निटी, मानवाधिकारों की आवश्यकता, भेदभाव, जलवायु अन्याय तथा वर्ष 1993 में मानवाधिकार आयोग की स्थापना के बारे में विस्तार से बताया।

**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के अधिकारी—राजेश्वरी कुर्रे, प्रतिभा सिंह, डॉ. सरिता शर्मा, डॉ. महानंद साहू, श्री संजीव, डॉ. रामेश्वर पाटिल—तथा सभी कर्मचारी और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस प्रकार मानवाधिकार दिवस पर आयोजित यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी साबित हुई।

## कृषि महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में लीगल एक्सपट्र्स ने दी मार्गदर्शन

### मानवाधिकार संबंधित जानकारी दी गई



डिप्टी चीफ लीगल एड काउंसिल मोतीलाल वर्मा ने वैधानिक अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता से जीवन जीने का अधिकार आम नागरिकों से लेकर जेल में बंद कैदियों तक सभी पर समान रूप से लागू होता है। उन्होंने बताया कि मानवाधिकार आयोग की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश करते हैं तथा मानवाधिकार से संबंधित शिकायत टोल फ्री नंबर 144334 पर ऑनलाइन की जा सकती है। मुख्य विधिक सहायता परामर्शदाता श्री दिनेश तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हर नागरिक को न्याय, सुरक्षा और स्वतंत्रता का अधिकार है। समाज में जाति, लिंग, रंग आदि के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को अपने अधिकारों के साथ-साथ दूसरों के अधिकारों की रक्षा के प्रति भी सजग रहना चाहिए। असिस्टेंट लीगल एड काउंसिल देवेंद्र साहू एवं अधिवक्ता गीता दास ने मानवाधिकार दिवस 2025 की थीम गरिमा और मानवाधिकारों के लिए होलोकास्ट स्मरण पर महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं।

## आयोजन : भव्य शिवमहापुराण कथा और गौ प्रतिष्ठा यज्ञ से आस्था का संगम

# गौ प्रतिष्ठा यज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा के पाँचवें दिन भक्तिभाव का सागर उमड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ श्रद्धालुओं ने किया बेलपत्र, पंचामृत और अभिषेक में भाग

नगर के हृदय स्थल कृषि उपज मंडी परिसर में चल रहे गौ प्रतिष्ठा यज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा का पाँचवां दिन आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक उमंग से सराबोर रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं ने पूरे समर्पण और ऊर्जा के साथ जिम्मेदारियाँ निभाईं, जिससे पूरे स्थल पर भव्य आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

कथा वाचन करते हुए दण्डी स्वामी ज्योतीर्मयानंदः सरस्वती जी ने शिवमहापुराण का व्यापक और प्रेरक वर्णन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि शिव ही आदि और अनंत हैं, वही सृष्टि के मूल रचयिता तथा सर्वव्यापक शक्ति हैं। कथा के क्रम में उन्होंने देवराज जैसे पापी की कथा सुनाकर शिव की करुणा, क्षमा और दया की महिमा को रेखांकित किया। स्वामी जी ने बताया कि शिवमहापुराण में वर्णित कथाएँ इस बात को प्रमाणित करती हैं कि ब्रह्मा,



विष्णु और महेश—सदाशिव की संतानें हैं, और इन्हीं सदाशिव को पुराणों में 'काल' कहा गया है शिवमहापुराण पाठ के अनेक लाभ बताते हुए स्वामी जी ने बताया कि शिवमहापुराण का पाठ मनोकामनाएँ पूरी करता है, पापों से मुक्ति दिलाता है, मानसिक शांति प्रदान करता है, भय दूर करता है,रोगों और कष्टों में राहत देता है,और अंततः मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग खोलता है।

उन्होंने कहा कि सावन मास में इसका पाठ कई गुना अधिक फलदायी होता है।स्वामी जी ने शिव मंदिर में तीन ताली बजाने के भावार्थ भी समझाए पहली ताली—भगवान शिव के समक्ष उपस्थिति और उन्हें ध्यान से जगाने का भाव। दूसरी ताली—मनोकामनाओं और समृद्धि की प्रार्थना। तीसरी ताली—पूरी तरह शिव चरणों में समर्पण और भूल-चूक के लिए क्षमा प्रार्थना। उन्होंने बताया कि बेलपत्र का चिकना हिस्सा शिवलिंग की ओर होना चाहिए। ऊपरी सतह पर मां लक्ष्मी और निचली सतह पर भगवान शिव का वास माना गया है। इस प्रकार बेलपत्र अर्पित करने से शिव और लक्ष्मी दोनों का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### काले तिल, सरसों और अभिषेक का महत्व

स्वामी जी ने कहा महाशिवरात्रि पर काले तिल चढ़ाने से सर्पदोष, शनि साढ़ेसाती और अशुभ प्रभावों में कमी आती है। पीली सरसों चढ़ाने से शत्रुनाश, नकारात्मक ऊर्जा का नाश और बृहस्पति दोष शांत होते हैं। पंचामृत अभिषेक स्वास्थ्य लाभ और रोगों में राहत प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि महामृत्युंजय मंत्र से अभिषेक करने से गंभीर बीमारियों में भी विशेष लाभ मिलता है।ओर शिव को भांग और धतूरा अर्पित करना तथा जलाभिषेक करना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना गया है। स्वामी जी ने कहा कि जो व्यक्ति अपनी परेशानियों को धैर्य और हँसी के साथ सहता है, उसे यह समझना चाहिए कि यह शिवजी की ही विशेष कृपा है।

### भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति

पांचवें दिन के कार्यक्रम में बलराम दास वैष्णव, खोजूराम वर्मा, बिसाहू वर्मा, राजू लाल साहू, नरेश राम साहू, भवानी मंडल, नंदकिशोर पांडे, सीताराम साहू, अंगद साहू, मनोज मिश्रा, अजय मिश्रा, कृष्णा दुबे, जानकी साहू, प्रमिला पांडे, अनीता मिश्रा, नीति श्रीवास्तव, हेमलता शर्मा, मीनू पटेल, नीति अग्रवाल, माधवी शर्मा, वर्षा गौतम, हेमंत साहू, गंगा सिंह, सरस्वती साहू सहित नगर और आसपास क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम स्थल में शिवभक्ति का अद्भुत माहौल बना रहा और कथा के समापन तक श्रद्धालुओं का निरंतर प्रवाह जारी रहा।

### नीतू कोठारी राष्ट्रीय सम्मान समारोह में सम्मानित



**बेमेतरा।** समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नगर पालिका की पार्षद नीतू कोठारी को गुजरात के वडोदरा में आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम शाश्वत हिंदू जागृति द्वारा भव्य रूप से आयोजित किया गया था। समारोह में बालब्रह्मचारी उपसर्ग विजयी आचार्य सूर्यसागर जी गुरुदेव ने नीतू कोठारी को सम्मानित करते हुए उनके निरंतर समाज सेवा कार्यों और जनहित के प्रति समर्पण की सराहना की। सम्मान प्राप्त करने के बाद नीतू कोठारी ने कहा कि यह सम्मान उन्हें और भी अधिक प्रेरणा देता है कि वे समाजहित के लिए और अधिक ऊर्जा व समर्पण के साथ कार्य करती रहें। कार्यक्रम में देशभर से आए साधु-संत, गणमान्य अतिथि, सामाजिक कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम में बांटा जा रहा निःशुल्क चश्मा



**बेमेतरा।** धान खरीदी केंद्रों और धान कटाई-मिंजाई में कार्यरत लोगों के लिए निशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत आंखों की देखरेख और नियमित जांच के लिए स्वास्थ्य शिक्षा भी दी जा रही है। बेमेतरा के कई धान खरीदी केंद्रों में नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा उपस्थित किसानों को धान कटाई के समय आंखों में लगने वाले चोट से बचाव के लिए निशुल्क चश्मा वितरित किया गया। असिस्टेंट नोडल विद्यासागर ने जानकारी दी कि यह कार्यक्रम जिले के सभी विकासखण्ड साजा, खंडसरा, बेरला और नवागढ़ ब्लॉक में चलाया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू ने बताया कि मोतियाबिंद ऑपरेशन जिला अस्पताल में निरंतर जारी है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अंशु अग्रवाल की उपस्थिति में आम लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।

नारद साहू 334 मतों से जीते, अध्यक्ष निर्वाचित

# साहू समाज निर्वाचन में 'कर्मा समाज गंगा पैनल' की प्रचंड जीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला साहू संघ बेमेतरा का निर्वाचन मंगलवार नगर के टाउन हॉल में भारी उत्साह और गहमागहमी के बीच सम्पन्न हुआ। सुसंगठित, शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में हुए मतदान में कुल 1804 मतदाताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। चुनाव परिणामों में 'कर्मा समाज गंगा पैनल' ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए सभी प्रमुख पदों पर कब्जा कर लिया। अध्यक्ष पद पर नारद साहू की निर्णायक जीत हुई।

अध्यक्ष पद के लिए हुए मुख्य मुकाबले में नारद साहू ने 969 मत प्राप्त किए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी गैंदा साहू को 635 मत मिले। इस प्रकार नारद साहू 334 मतों के भारी अंतर से विजयी घोषित हुए। अन्य निर्वाचित पदाधिकारी इस प्रकार रहे पुरुष उपाध्यक्षः रेखाराम साहू,महिला उपाध्यक्षः नूतन साहू, संगठन सचिव (पुरुष): माधो साहू,संगठन सचिव (महिला): तारकेश्वरी साहू । परिणाम घोषित होते ही टाउन हॉल परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। समाज के वरिष्ठजन, नौ तहसीलों के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने सभी विजेताओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू भी उपस्थित रहे और उन्होंने नई टीम को शुभकामनाएँ दीं।



### विजयी रैली एवं विधायक निवास में भव्य स्वागत

विजय घोषणा के पश्चात हजारों की संख्या में समाजजन, समर्थक विजयी पदाधिकारियों के साथ उत्साहपूर्ण विजय रैली के रूप में विधायक निवास कार्यालय पहुँचे। वहाँ विधायक दीपेश साहू एवं उनके परिवारजनों ने विजयी टीम का पारंपरिक विधि-विधान से आत्मीय स्वागत किया। आरती, तिलक, पुष्पवर्षा और आतिशबाज़ी के साथ सभी प्रत्याशियों का सम्मान किया गया। तत्पश्चात विधायक ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को साल एवं गमछा पहनाकर अभिनंदन किया और समाजहित में उनके आगामी कार्यों के लिए शुभकामनाएँ दीं । इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा "साहू समाज आज परिश्रम, प्रगति, नैतिकता और संगठन का प्रतीक बन चुका है। जिस परंपरा, संस्कार और सामूहिक एकजुटता के साथ हमारे समाज ने अपनी पहचान बनाई है, वह पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय है। इस लोकतांत्रिक और पारदर्शी निर्वाचन ने यह सिद्ध किया है कि साहू समाज सामाजिक जागरूकता, जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता में निरंतर आगे बढ़ रहा है। 'कर्मा समाज गंगा पैनल' की यह विजय केवल एक पैनल की जीत नहीं—बल्कि पूरे साहू समाज की अपेक्षाओं, विश्वास और प्रगति के संकल्प की विजय है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से मेरी अपेक्षा है कि आप समाज के सभी वर्गों—युवा, महिलाएँ, किसान, व्यवसायी, छात्र, ग्रामीण एवं शहरी नागरिक—को साथ लेकर समाज के समग्र विकास हेतु समर्पित होकर कार्य करेंगे।

### रोजगार सृजन को बढ़ावा देने जिले में खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड की पहल

■ दो महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी जारी

**बेमेतरा।** जिले के युवाओं और उद्यम स्थापित करने की इच्छा रखने वाले हितग्राहियों के लिए छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला पंचायत बेमेतरा ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (ऑफलाइन) और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (ऑनलाइन) के संबंध में विस्तृत जानकारी जारी की है। इन योजनाओं का उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नए रोजगार अवसरों का सृजन करते हुए लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। बोर्ड द्वारा बताया गया कि दोनों योजनाओं के तहत सेवा तथा विनिर्माण क्षेत्र में एक लाख से पचास लाख रुपये तक की लागत वाली परियोजनाओं को बैंक ऋण के माध्यम से स्वीकृत किया जाता है। पात्रता पूर्ण करने वाले शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के लोग आवेदन कर सकते हैं। योजना में ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों को अधिकतम 35 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र के हितग्राहियों को 25 प्रतिशत तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा, जबकि सामान्य वर्ग के पुरुष हितग्राहियों के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 25 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में 15 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन पोर्टल के माध्यम से किए जा सकते हैं। वहीं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के लिए ऑफलाइन आवेदन अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक जिला कार्यालय छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, कक्ष क्रमांक 27 एवं 28, प्रथम तल, डाइट हॉस्टल परिसर बेमेतरा में संपर्क कर सकते हैं। बोर्ड का कहना है कि इन योजनाओं से जिले में नए उद्यमों की स्थापना को गति मिलेगी, स्थानीय उत्पादन बढ़ेगा र रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# कलेक्टर ने की धान खरीदी व्यवस्था की व्यापक समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिला कार्यालय के दृष्टि सभाकक्ष में चालू खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने धान खरीदी, टोकन जारी करने, धान उठाव, फिजिकल वेरिफिकेशन एवं रकबा सत्यापन की प्रगति पर विभागवार जानकारी लेते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि संपूर्ण प्रक्रिया में पारदर्शिता व शून्य लापरवाही सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने समिति स्तर पर नोडल अधिकारियों द्वारा टीओ (ट्रांसपोर्ट ऑर्डर), डीओ (डिलीवरी ऑर्डर) एवं अन्य दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि धान खरीदी से जुड़े सभी दस्तावेजों का नियमित मिलान और स्थल सत्यापन आवश्यक है। कलेक्टर ने गेट पास का शत-प्रतिशत सत्यापन अनिवार्य करते हुए निर्देश दिए कि अवैध धान के भंडारण एवं परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए।

धान उठाव की प्रगति का मूल्यांकन करते हुए कलेक्टर श्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि उठाव में किसी भी प्रकार की देरी खरीदी की गति को प्रभावित करती है। इसलिए परिवहन एवं गोदाम प्रबंधन को मजबूत बनाते हुए एफसीआई, मार्कफेड तथा परिवहन एजेंसी के साथ सतत समन्वय बनाए रखें। बारदाना उपलब्धता पर समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि खरीदी कार्य किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होना चाहिए। सभी समितियों को निर्देश दिया गया कि बारदाना उपलब्धता का दैनिक मूल्यांकन करें तथा आवश्यकता होने पर समयपूर्व मांग भेजें, ताकि किसानों को तुलाई में किसी प्रकार की देरी न हो।

### एसडीएम को दिए निर्देश

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि रकबा समर्पण कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए और रकबा सत्यापन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की त्रुटि को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी राइस मिलों का भौतिक सत्यापन प्राथमिकता से करने के निर्देश देते हुए कहा कि मिलों में भंडारित धान की मात्रा, क्षमता और आवक-निकासी का नियमित निरीक्षण किया जाए। उन्होंने सभी उपार्जन केंद्रों में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएँ, तौल मशीनों की समुचित कार्यशीलता तथा टोकन व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम नवागढ़ श्रीमती दिव्या पोटई, एसडीएम बेरला दीप्ति वर्मा, एसडीएम साजा हर्षलता वर्मा, डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, मार्कफेड, नोडल अधिकारी, तहसीलदार उपस्थित थे।

## कबड्डी फाइनल में चरक व आर्यभट्ट हाउस ने मारी बाज़ी, मुख्य अतिथि रहे नेशनल प्लेयर कृष्णा राज मांडले

# न्यू गुरुकुल में एनुअल स्पोर्ट्स वीक का हर्षोल्लासपूर्ण समापन

हरिभूमि न्यूज:नवागढ़

न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित एनुअल स्पोर्ट्स वीक का समापन बड़े ही उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ किया गया। जहां न्यू गुरुकुल हर पर्व और कार्यक्रम को विशेष गरिमा के साथ मनाने के लिए जाना जाता है, वहीं इस वर्ष का स्पोर्ट्स वीक भी बच्चों के कौशल और टीम भावना का अद्भुत प्रदर्शन बनकर उभरा।

स्पोर्ट्स वीक का शुभारंभ 1 दिसंबर को भव्य मार्च-पास्ट और मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया था। यह आयोजन 10 दिसंबर तक चला, जिसमें विद्यार्थियों ने एकल व समूह दोनों तरह की खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट समेत अनेक टीम गेम्स ने बच्चों में सहयोग, अनुशासन और टीमवर्क की भावना को विकसित किया। समापन दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में कृष्ण राज मांडले उपस्थित रहे, जो नेशनल प्लेयर



(सॉफ्टबॉल व बेसबॉल) हैं तथा वर्तमान में पीटीआई के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। वे कई राष्ट्रीय एवं विश्वविद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के विजेता भी रह चुके हैं। मुख्य अतिथि का स्वागत स्काउट बैंड द्वारा दी गई परेड सलामी से किया गया, जिसके बाद सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई।

### कबड्डी का रोमांचक फाइनल मुकाबला

बालिका वर्ग में हाउस चरक और हाउस रामानुजन के बीच हुए कड़े मुकाबले में हाउस चरक ने शानदार जीत हासिल की। बालक वर्ग में हाउस चरक और हाउस आर्यभट्ट आमने-सामने थे, जहां हाउस आर्यभट्ट विजयी रहा। फाइनल के बाद विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि श्री मांडले ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, निरंतर प्रयास, उत्साह और हार के बाद पुनः उठ खड़े होने की शक्ति सिखाते हैं। बच्चे जितना अधिक खेलेंगे, उतना अधिक जीवन कौशल सीखेंगे। उनके प्रेरक शब्दों ने बच्चों में ऊर्जा का संचार कर दिया। शाला के डायरेक्टर गजपाल सिंह खुराना एवं प्रिंसिपल मनिंदर कौर खुराना ने भी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि न्यू गुरुकुल सदैव बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। न्यू गुरुकुल में आयोजित यह स्पोर्ट्स वीक न सिर्फ प्रतियोगिताओं का मंच था बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना को निखारने का एक प्रेरणादायक अवसर भी बना।

### इनकी भूमिका रही अहम

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन में सक्रिय रूप से सहयोग देने वाले शिक्षक— जितेंद्र पाल, कामेश्वर रजक, पोषण जायसवाल, रुस्तम मुर्मू, भोजराज सोनी, राहुल साहू, प्रदीप वैष्णव, गंगाधर सिन्हा, नीलकंठ पटेल, दीक्षा गुप्ता, देविका घोष, निशा श्रीवास्तव, श्वेता चौबे, निहारिका साहू, अंजलि कुर्रे, अपराजिता सिंह, दीप्ति शर्मा, माया बंजारे, निशा साहू, दीपांजलि मुर्मू, जास्मीन कोशले, सुमित्रा बघेल, योगेश्वरी कुर्रे, हुलसी साहू, किरण देवांगन, तिलेश्वरी घृतलहरे, भारती साहू, मालविका सिंह, पूनम तिवारी, साधना कुशवाहा, आकांक्षा बंजारे, पूजा जांगड़े, पंकिशा मराठा, तृप्ति जायसवाल, सिद्धि चौहान, योगिता मनहरे, रेणु सोनवानी, रुकैया खान, संतोषी साहू, धनेश्वरी बंजारे, जानकी साहू, मनीषा घृतलाहरे, प्रमिला बंधे, मोनिका सिंह, ऋतु पाल, सानिया परवीन, कांति साहू, मौली मिश्रा, कामिनी साहू—सभी ने समर्पित भाव से अपनी सक्रिय भागीदारी दी।

